**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- भारत ने पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान के मिसाईल व ड्रोन हमले को किया नाकाम– जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणालियों की दिल्ली में समीक्षा की–आवश्यक दवाईयों और अन्य सामान की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की– सवेंदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश।
- और भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा– बस किराए में बढ़ौतरी प्रदेशवासियों

**समाचार विस्तार से...........**

## प्रैस ब्रिफिंग

भारत व पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच पाकिस्तान ने बीती रात पूरी पश्चिमी सीमा पर भारत के सैन्य व नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने का असफल प्रयास किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने आज सांय नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय की एक प्रैस कांफ्रेंस में ये जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान ने लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 स्थानों पर 3 सौ से 4 सौ ड्रोन से हमला किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इस हमले में तुर्कीये में बने ड्रोन का इस्तेमाल किया। सोफिया कुरैशी ने ये भी कहा कि इन ड्रोन का इस्तेमाल जहां हमला करने के लिए किया गया वहीं जासूसी करने के इरादे से भी कई ड्रोन लांच किए गए।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के चार ठिकानों पर ड्रोन से हमला किया और एक स्थान पर उसका एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के तंगधार, उड़ी, पुंछ, मेंढर, रजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी तोपखानों और ड्रोन से हमला किया, जिसमें कुछ सैनिक हताहत हुए। उन्होंने कहा कि भारत के जवाबी हमले में पाकिस्तान को भी भारी नुकसान हुआ है।

## प्रैस ब्रिफिंग–2

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस मौके पर कहा कि पाकिस्तान हमलों को लेकर भारत के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहा है ताकि दुनिया को गुमराह किया जा सके। मिसरी ने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलो ने बीती रात संयमित, प्रर्याप्त और जिमेदार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सरकार द्वारा इन हमलों से साफ इंकार करना उसके दोहरे मापदंडों व गिरते मापदंडो का एक और प्रमाण है। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ने अपना हवाई क्षेत्र नागरिक उड़ानों के लिए खुला रखा है ताकि

उसकी आड़ में भारत की जवाबी कार्रवाई से बच सके। मिसरी ने कहा कि वर्तमान सुरक्षा हालात को देखते हुए करतारपुर साहिब कॉरिडोर की सेवाएं अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

<u>नड्डा</u>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान, जगत प्रकाश नड्डा को देश भर में स्वास्थ्य प्रणालियों और संसाधनों को मजबूत करने के लिए उठाए गए तत्काल और व्यापक उपायों के बारे में जानकारी दी गई। अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं, रक्त, ऑक्सीजन और ट्रॉमा केयर किट की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। अस्पतालों को राज्य और जिला प्रशासन, सशस्त्र बलों और डॉक्टरों के क्षेत्रीय संघों तथा निजी क्षेत्र के अस्पतालों के साथ समन्वय से आपातकालीन प्रतिक्रिया नेटवर्क को मजबूत करने की सलाह दी गई है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि आवश्यक हो तो तत्काल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य सरकारों, विशेष रूप से सीमावर्ती राज्यों के साथ जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से संपर्क स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

<u>हिमाचल सुरक्षा–1</u>

इस बीच भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जम्मू और पंजाब सीमा से लगते संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में पर्यटन व धार्मिक स्थलों, पन बिजली परियोजनाओं और सीमावर्ती क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज शिमला में एक आपातकालीन बैठक हुई। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार आतंकवाद के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में केंद्र सरकार के साथ है।

**<u>पिछले कल जो घटना पठानकोट में जो पाकिस्तान द्वारा अटैक किया गया था उसके संदर्भ में हमारे दो सब डिवीजन इंदौर और नूरपुर लगते थे । उस सिलसिले में उनके एसपी से मेरी बात हुई है और स्पेशल इंस्ट्रक्शन जारी किए गए हैं जैसे ही पठानकोट के एरिया में कोई सायरन बजता है तो एडज्वाइनिंग एरिया के ब्लैकआउट आप भी कर दीजिए ताकि हिमाचल प्रदेश की जनता को कोई नुकसान ना हो पूरे प्रदेश की फीडबैक लेने के बाद हमने फैसला किया है जैसे-जैसे भारत सरकार की दिशा निर्देश आते जाएंगे और जो disaster से रिलेटेड भी दिशा निर्देश आएंगे उनको हमली जामा पहनाया जाएगा किसी भी</u>**

**प्रकार का पैनिक होने की जरूरत नहीं है लेकिन हमें अपनी सुरक्षा का भी ध्यान रखना है और अपनी जिम्मेदारी का भी निर्वाह करना है ।**

मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान द्वारा बीती रात किए गए ड्रोन और मिसाईल हमले को निष्क्रिय करने के लिए सेना के शौर्य की सराहना की। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में बसों का परिचालन नहीं रोका गया है।

हिमाचल के जो छात्र है जम्मू कश्मीर में वह अभी सभी सेफ है और अगर वह आना चाहते तो आ सकते हैं लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है और हमें सेना पर भी गर्व है जो पूरी मुस्तैदी के साथ जो पिछले कल उन्होंने हमारे ड्रोन पाकिस्तान की तरफ से आए मिसाइल पाकिस्तान की तरफ से आए और फाइटर जेट का भी प्रयोग किया गया और सेना ने जिस प्रकार का परिचय दिया है देश की सुरक्षा में वह एक सराहनीय कदम है । हिमाचल प्रदेश की जनता उनके इस प्रकार के जो कदम है उसकी प्रशंसा करती है कि किस प्रकार उन्होंने अपने टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करके हिमाचल की हिंदुस्तान की भूमि पर एक भी नुकसान जान माल का नहीं हुआ यह भी बड़ी खुशी की बात है लेकिन इसका मुंह तोड़ जवाब जिस तरह केंद्र की सरकार दे रही है और उसके लिए हमें सब भरपूर सहयोग केंद्र की सरकार के साथ दे रहे है। कल रात को जब सैलिंग की घटना हुई तो नूरपुर पठानकोट के पास जब बस जा रही थी तो उस समय लाइटे नहीं पढ़नी चाहिए क्योंकि शैलिग 8:30 बजे स्टार्ट होगी थी उस दृष्टिकोण से उस समय उसको रोका गया था और जैसे ही हमे इंस्ट्रक्शन आएगी तो जहां भी उचित होगा वहां बसे अगर सायरन बज रहा है और उसे समय सब जगह ब्लैक आउट हो रहा है तो उस समय की ऐसी इंस्ट्रक्शन जारी कर देंगे कि जहां बस है जहाँ सायरन बजेगा वहाँ रोक दी जाए । वही थी पठानकोट के पास वाली है । नहीं रद्द नहीं की गई है लेकिन इमरजेंसी जो सर्विस की जो विभाग है जैसे कि चीफ सेक्रेटरी साहब का है मेरा कार्यालय है या सेक्रेटरी GAD का कार्यालय या होम सेक्रेटरी का कार्यालय है जो भी इमरजेंसी से related डिजास्टर वाला कार्यालय उनको खुला रहने के आदेश दिए गए है और सभी अधिकारियों को बोला गया कि आप अपने अपने क्षेत्र में पूरी नजर बनाए रखें धन्यवाद ।

हर्ष महाजन

भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्षमहाजन ने प्रदेश सरकार द्वारा बस किराए में की गई 15 प्रतिशत की बढ़ौतरी को प्रदेशवासियों के साथ नाइंसाफी करार दिया है। हर्ष महाजन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एच.आर.टी.सी. को जन सेवा के बजाए धन सेवा का माध्यम बना लिया है। उन्होंने कहा कि इस किराया वृद्धि से प्रदेश की जनता की जेब पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है। हर्ष महाजन ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पहले टैक्स बढ़ाकर महंगाई को खुद बुलाया और अब महंगाई की आढ़ में हर चीज को महंगा किया जा रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आत्मनिर्भर की आढ़ में जनता को लूटने का काम कर रही है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने मुख्य सचिव को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में फंसे प्रदेश के एक सौ 3 विद्यार्थियों को वापिस लाने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इसके लिए जम्मू कश्मीर सरकार से समन्वय स्थापित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने आए उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों की सुरक्षा और सकुशल वापसी राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे पूर्व केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री से भेंट कर श्रीनगर में पढ़ाई कर रहे हिमाचली विद्यार्थियों को सुरक्षित वापिस लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों के अभिभावक भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के दृष्टिगत अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और बच्चों की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं।

**परीक्षा स्थगित**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने 10 व 11 मई को प्रस्तावित हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टैस्ट–2025 आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया है। ये फैसला भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के दृष्टिगत लिया गया है। तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। तकनीकी विश्वविद्यालय का ये कॉमन एंट्रेंस टैस्ट चंडीगढ़ सहित प्रदेश के 10 ज़िलों में प्रस्तावित था जिसके लिए 10 हजार 5 सौ 17 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया है।

दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 27 मई को आयोजित होने वाली बी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए पात्र व इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये प्रवेश परीक्षा प्रदेश विश्वविद्यालय और रिजनल सेंटर धर्मशाला सहित 53 गैर सरकारी बी.एड. कॉलेजों की 5 हजार 9 सौ सीटों के लिए आयोजित की जाएंगी। प्रवेश परीक्षा के लिए 12 मई तक ऑनलाईन आवेदन किए जा सकते हैं।

**डी.सी. सोलन**

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मददेनजर सोलन ज़िला के सीमावर्ती क्षेत्र परवाणु, बद्दी और नालागढ़ में आज रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैक आउट घोषित किया है। उपायुक्त ने इन सभी स्थानों पर व्यापारियों को रात्रि आठ बजे अपनी दुकाने बंद करने का आग्रह किया है।

उन्होंने संबंधित उपमंडलाधिकारियों को अपने–अपने अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाली पंचायतों में भी ब्लैक आउट की अनुपालना सुनिश्चित करने और उद्योगों में नाईट शिफ्ट न लगाने को भी कहा है। इससे पूर्व आज ज़िला प्रशासन के अधिकारियों व विभागों के प्रमुखों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने ब्लैक आउट के समय ज़िले में स्थापित सभी सोलर लाईटों को अस्थायी तौर पर बंद करने या उन्हें ढकने और आगामी आदेशों तक संवेदनशील क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईन बंद करने के निर्देश दिए।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- भारत ने पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान के मिसाईल व ड्रोन हमले को किया नाकाम– जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आपातकालीन स्वास्थ्य प्रणालियों की दिल्ली में समीक्षा की–आवश्यक दवाईयों और अन्य समान की पर्याप्त आपूर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की– सवेंदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश।
- भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा– बस किराए में बढ़ौतरी प्रदेशवासियों के साथ नाइंसाफी।

——————————————